**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक-बा०प्र०सु०स०के०-50/2016 - 552 पटना दिनांक- 28-07-2017

**तकनीकी/विशेषज्ञ संवर्ग के विभिन्न पदों पर संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु सूचना**

**पृष्ठभूमि**:- बिहार देश का अत्यधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाला राज्य है । देश के कुल बाढ़ प्रवण क्षेत्र का 17.2 प्रतिशत क्षेत्र बिहार में पड़ता है । बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्र 94.16 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 68.80 लाख हेक्टेयर (उत्तर बिहार 76 प्रतिशत एवं दक्षिण बिहार 73 प्रतिशत) बाढ़ प्रवण क्षेत्र है । बाढ़ सुरक्षा कार्य के तहत तटबंध निर्माण एवं संपोषण इत्यादि कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कराया जाता है । बाढ़ प्रबंधन कार्य के तहत बाढ़ से जलप्लावित होने वाले क्षेत्रों का आकलन कर वहाँ बसे हुए जनमानस को ससमय सुरक्षित करने हेतु बाढ़ का पूर्वानुमान का कार्य जल संसाधन विभाग के अधीन अंचलीय कार्यालय बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र (FMISC), पटना द्वारा किया जाता है ।

विश्व बैंक संपोषित विभिन्न योजनाओं में से मुख्य रूप से बाढ़ प्रबंधन से संबंधित योजनाओं (फ्लड मॉडलिंग क्षमता सुदृढ़ीकरण योजना, बिहार कोसी फ्लड रिकभरी योजना(BKFRP), बिहार कोसी बेसीन विकास योजना (BKBDP) इत्यादि) कार्यो के कार्यान्वयन का दायित्व जल संसाधन विभाग द्वारा इसके अंचलीय कार्यालय बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना को सौंपा गया है । बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द, पटना का दूरगामी उद्देश्य आधुनिक तकनीक यथा रिमोट सेन्सिंग /जी०आई०एस०/बेवसाइट/ फ्लड फोरकास्ट मॉडलिंग, इत्यादि का उपयोग कर एक सम्पूर्ण एवं सक्षम बाढ़ प्रबंधन सूचना प्रणाली का विकास करना है। बाढ़ प्रबंधन सूचना प्रणाली आधुनिक तकनीक एवं उपग्रह से प्राप्त मौसम एवं बाढ़ पूर्वानुमान में हो रहे वैश्विक प्रगति पर आधारित है ।

इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विश्व बैंक के सुझाव के अनुसार उत्कृष्टता केन्द्र (Centre of Excellence - CoE) की स्थापना एवं इसके अन्तर्गत गणितीय प्रतिमान केन्द्र जैसी विशिष्ट संस्थान का सुचारू रूप से संचालन हेतु शोध अभियंता या विशेषज्ञों का एक अलग संवर्ग सृजित करना आवश्यक है ।

विभागीय संकल्प ज्ञापांक 5/डी-04-10-01/2017-1334 दि० 26.05.2017 द्वारा जल संसाधन विभाग के अधीन बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र (Flood Management Improvement Support Centre-FMISC), पटना के नियंत्रण में विश्व बैंक संपोषित बिहार कोसी बेसीन परियोजना (Bihar Kosi Basin Development Project-BKBDP) के अंतर्गत उत्कृष्टता केन्द्र (Centre of Excellence - CoE) के लिए गणितीय प्रतिमान केन्द्र (Mathematical Modeling Centre-MMC) के सुचारू संचालन हेतु एक समर्पित दल (Dedicated Team) का तकनीकी/विशेषज्ञ संवर्ग (Technical/Specialist Cadre) गठन की पारा 2 में वर्णित सारणी के अनुसार कुल 15 (पंद्रह) अदद पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी है ।

**2. योग्यता:-** उत्कृष्टता केन्द्र (CoE) के अंतर्गत गणितीय प्रतिमान केन्द्र (MMC) के लिए विभिन्न विशेषज्ञों से सम्बन्धित न्यूनतम योग्यता, अनुभव, अपेक्षित वार्षिक पारिश्रमिक से सम्बन्धित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | पदनाम | पदों की संख्या | आवश्यक न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव | वार्षिक पारिश्रमिक (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | वरीय बाढ़ प्रतिरूपक – (Flood Modeler – Senior) | 1(एक) | जल संसाधन/ जलगति विज्ञान/ जल विज्ञान/ मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री –15 वर्षो का अनुभव सहित । | 25.00 |
| 2. | कनीय बाढ़ प्रतिरूपक – (Flood Modeler – Junior) | 2(दो) | जल संसाधन/ जलगति विज्ञान/ जल विज्ञान/ मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री –5 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 3. | वरीय नदी शास्त्रवेता (Morphologist Senior) | 1(एक) | जल संसाधन/ जलगति विज्ञान/ जल विज्ञान/ तलछट परिवहन/ मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री–15 वर्षो का अनुभव सहित । | 25.00 |
| 4. | नदीशास्त्र अभियंता / कनीय बाढ़ प्रतिरूपक (River Engineer/ Junior Flood Modeller) | 1(एक) | जल संसाधन/ जलगति विज्ञान/ जल विज्ञान/ तलछट परिवहन/ मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री – मॉडलिंग/ तटबंध सुरक्षा / कटाव निरोधक कार्य/ में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 5. | अधिप्राप्ति विशेषज्ञ (Procurement Specialist) | 1(एक) | असैनिक अभियंत्रण में तकनीकी स्नातक एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/ भौगोलिक सूचना प्रणाली सर्वेक्षण/ सभी प्रकार के आर०एफ०पी० प्रस्ताव के लिए अनुरोध एवं अनुबंध दस्तावेज तैयार करने में 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 6. | साफ्टवेयर अभियंता/ प्रोग्रामर (Software Engineer/ Programmer) | 1(एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री–सूचना प्रौद्योगिकी/ साफ्टवेयर में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 10.00 |
| 7. | निर्णय समर्थन प्रणाली विशेषज्ञ (Decision Support System Specialist) | 1(एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री– निर्णय समर्थन प्रणाली से सम्बन्धित परियोजनाओं में 8 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 8. | वरीय भौगोलिक सूचना प्रणाली विशेषज्ञ (GIS Specialist-Senior) | 2(दो) | भू-विज्ञान क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री/ भौगोलिक सूचना प्रणाली में 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 10.00 |
| 9. | कनीय भौगोलिक सूचना प्रणाली विशेषज्ञ (GIS Specialist-Junior) | 1(एक) | भू-विज्ञान क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री /भौगोलिक सूचना प्रणाली में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| 10. | सुदूर संवेदी विशेषज्ञ (Remote Sensing Specialist) | 1(एक) | भू-विज्ञान क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री/ सुदुर संवदी में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| 11. | बेवमास्टर/ वेब अभिकल्पन विशेषज्ञ (Webmaster/Web Designing Expert) | 1(एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री– बेव अभिकल्पन में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| 12. | तंत्र प्रबंधक (सिस्टम प्रबंधक) (System Manager) | 1(एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री–सिस्टम प्रशासन/ वायरस प्रबंधन/ हार्डवेयर सम्पोषण में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 10.00 |
| 13. | आंकड़ा संचय प्रबंध विशेषज्ञ (Database Management Specialist) | 1(एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री– डाटाबेस प्रबंधन में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| | योग | 15(पंद्रह) | | |

**3. आयु सीमा:**– संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक अधिकतम आयु 64 वर्ष होगी परन्तु अन्य अर्हता समान रहने पर कम उम्र वाले को प्राथमिकता दी जायेगी ।

**4. मूल्यांकण मानदंड** (Evaluation Criteria):– आवेदक द्वारा समर्पित प्रस्ताव के मूल्यांकण मानदंड निम्नवत् होंगे:-

| क्र० सं० | मानदंड | | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | **उपरोक्त पदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** | | **80** |
| | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का विश्लेषित विवरण:- | | |
| 1(क) | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 50 | |
| 1(ख) | 1(क) के अतिरिक्त उच्चतर शैक्षणिक योग्यता | 10 | |
| 1(ग) | अनुभव:- न्यूनतम अनुभव | 15 | |
| | न्यूनतम अनुभव के सदृश अतिरिक्त अनुभव | 05 | |
| 2. | **साक्षात्कार** | | **20** |
| | **कुल अंक:-** | | **100** |

**5. सुविधाएं:**– उक्त समेकित वार्षिक पारिश्रमिक (जो समतुल्य मासिक किस्तों में दिया जायेगा) के अतिरिक्त सरकारी कार्य से मुख्यालय से बाहर भेजने की स्थिति में विभाग द्वारा अनुमोदित यात्रा भत्ता देय होगा । इसके अलावा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा ।

**6. अन्यान्य:**–

(i) संविदा के आधार पर चयन प्रथमत: 01(एक) वर्ष या 65(पैंसठ) वर्ष की आयु तक के लिये होगी । कार्य संतोषजनक पाये जाने पर संविदा सेवा अवधि विस्तार की संभावना है ।

(ii) सेवानिवृत्त कर्मियों के मामले में नियोजन के दौरान यदि उनके विरूद्ध किसी प्रकार के गंभीर आरोप अथवा अनुशासनिक कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न होती है तो उनका नियोजन रद्द कर दिया जायेगा ।

(iii) सेवानिवृत्त कर्मियों को बिहार सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन संकल्प/आदेश/पत्रों के अनुसार उक्त संविदा नियोजन को पुनर्नियोजन मानते हुए वेतन का निर्धारण नियमानुसार किया जायेगा । इनके मामले में उक्त वार्षिक पारिश्रमिक की राशि अधिकतम होगी ।

(iv) संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे एवं इस संविदा नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में विनियमितिकरण का दावा मान्य नहीं होगा ।

(v) नियोजन हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु एकरारनामा के समय आवेदक के सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(vi) संविदा नियुक्ति के क्रम में किये गये अनुबंध समाप्ति की तिथि के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति का पुनर्नियोजन/सेवा विस्तार नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उनका अनुबंध स्वत: समाप्त माना जायेगा और इसके लिये अलग से आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा ।

(vii) नियुक्त कर्मियों की सेवाएँ संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर एक माह की पूर्व सूचना देकर उनका नियोजन रद्द किया जा सकता है ।

(viii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिः- पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन प्रपत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से **दिनांक 30 अगस्त 2017 (बुधवार) को 17:00 बजे अपराहन्** तक **संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, द्वितीय तल, जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना–800002** के कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए । किसी भी परिस्थिति में देर से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा । आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित किये जाने की स्थिति में अगले कार्यकारी दिवस को उक्त निर्धारित समय तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे ।

(ix) संविदा नियुक्ति नियोजन के क्रम किसी भी समय बिना कारण बताये नियोजन प्रक्रिया को पूर्णतः या आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

(x) विशेष जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालय कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है ।

संयुक्त निदेशक<br>
बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र<br>
द्वितीय तल, जल संसाधन भवन,<br>
अनिसाबाद, पटना–800002

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**तकनीकी/विशेषज्ञ संवर्ग के विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति**

| |
|---|
| फोटो<br>स्वहस्ताक्षरित |

**प्रपत्र प्रारूप**

1. आवेदित पद का नामः-
2. आवेदक का नामः-
3. जन्म तिथिः-
   (प्रमाण पत्र संलग्न)
4. पिता/पति का नामः-
5. स्थायी पताः-
6. वर्तमान पताः-
7. सेवानिवृति का विवरण (यदि लागू हो):-
8. ईमेल पता/आधार नम्बर/मोबाईल नम्बरः-
9. शैक्षणिक योग्यताः-
   (प्रमाण पत्र संलग्न)
10. अनुभवः-
    (प्रमाण पत्र संलग्न)
11. अन्यान्यः-

आवेदक का हस्ताक्षर